DF 241/08


भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये **Rs. 100**

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

भारत INDIA





उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH P 790447

## ट्रस्ट डीड

हमकि श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व0 श्री भगवानदास उम्र करीब 68 साल निवासी गऊघाट, मथुरा एवं ब्रजेश कुमार पुत्र स्व0 भगवानदास उम्र करीब 54 साल निवासी गऊघाट, मथुरा के हैं, जोकि मथुरा–वृन्दावन व पूरा बृज क्षेत्र भगवान श्रीकृष्ण व राधिका जू की जीवन स्थली व क्रीड़ा स्थली रहा है। जहाँ मानव मात्र के उत्थान, आत्मीयता एवं प्रेमभाव जन–जन में समाहित करने की संस्कृति रही है, जिस संस्कृति को जागृत रखने एवं उसका प्रचार–प्रसार करने हेतु अपने पारिवारिक पृष्ठभूमि तैयार कर अब तक जो आर्थिक व सामाजिक रूप से हमसे हो सका है, वह हमने किया है. अपने इस स्वप्न को वृहद् रूप प्रदान करने हेतु हम अपने परमपूज्य गोलोकवासी स्वर्गीय श्री भगवानदास जी की स्मृति में इस ट्रस्ट की स्थापना करने जा रहे हैं। जिनकी अभिलाषा थी कि समाज में एक ऐसे ट्रस्ट की स्थापना की जाये जिससे समाज के कमजोर असहाय लोगों के लिए विद्याध्ययन के लिए विद्यालय की स्थापना की जाये और औषधालय, अस्पताल, धर्मशाला आदि का निर्माण कराया जाये।

अतः हम लोग अपने परमपूज्य स्व0 श्री भगवानदास जी की स्मृति में एक ट्रस्ट **श्री भगवानदास स्मृति ट्रस्ट** का गठन कर रहे हैं जिसकी प्रारंभिक पूँजी 21000/– रूपये होगी।

यह ट्रस्ट सर्वसमाज के हितों के लिए बिना किसी भेदभाव के अर्थात् धर्म,जाति लिंग व सामाजिक स्थिति आदि में बिना भेदभाव किए हुए समान रूप से सभी के लाभार्थ के लिए निम्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु उपरोक्त ट्रस्ट स्थापित किया जा रहा है। इस ट्रस्ट का संचालन निम्न वर्णित नियमों के अनुसार किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. ट्रस्ट का नाम | : | **श्री भगवानदास स्मृति ट्रस्ट** |
| 2. ट्रस्ट का पता | : | अग्रसेन चौक, मसानी, मथुरा। |
| 3. ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र | : | सम्पूर्ण भारतवर्ष |
| 4. ट्रस्ट के उद्देश्य | : | 1. गरीब असहाय, ऐसी प्रतिभायें जिनको शिक्षा की जरूरत है, को शिक्षा दिलाने का कार्य करना तथा समाज के निर्धन, साधनहीन तथा अनाथ बच्चों की शिक्षा, पुस्तक, वेशभूषा आदि का इंतजाम कराना एवं आवश्यक हो तो ऐसे बच्चों के लिए विद्यालय की स्थापना करना व संचालन करना। |

क्रमशः 2 पर

द= सीतादेवी

Brijesh Al.

Rajiv Mohan Pandey

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL
PWD ROAD, FATEHGARH (U.P.)

MANAGER
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

SUKHVIR SINGH
PRINCIPAL
J.N.V. KOLARA KALAN
AGRA (U.P.)

PRINCIPAL
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH P 790448



2. विद्यालयों के लिये भूमि खरीदना अथवा पट्टे पर लेना व भवन निर्माण कराना व विद्यालय की स्थापना कर संचालन करना।

3. गरीबों के लिए शिक्षा का प्रसार व प्रचार करने वाले शिक्षकों की आर्थिक सहायता करना।

4. विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास व तकनीकी विकास के लिए पुस्तकालय की व्यवस्था करना।

5. निम्न आय वर्ग के बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा सुलभ कराना।

6. साक्षरता व सूचना प्रौद्यौगिकी को घर–घर पहुंचाना जिससे गरीब जनमानस लाभान्वित हो सके।

7. समाज कल्याण विभाग प्रदेश व केन्द्रीय, राज्य समाज बोर्ड, मानव विकास संसाधन मंत्रालय व विभिन्न मंत्रालयों द्वारा अनुमोदित शिक्षा कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार व संचालन करना।

8. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बालक–बालिकाओं एवं महिलाओं के विकास हेतु सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, नृत्य कला, संगीत आदि तथा कृषि औद्यौगिक तकनीकी की शिक्षा प्रदान करना, जिसके लिए समय–समय पर भारत सरकार, राज्य सरकार, स्व–वैचारिक स्वयंसेवी संस्थान से अनुदान प्राप्त करना।

9. ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक,बेसिक,माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा का प्रबन्ध करना जिसके लिए विद्यालय, छात्रावास, पुस्तकालय, प्रशिक्षण, अनुसंधान केन्द्र, आधुनिक प्रौद्यौगिकी, विज्ञान एवं तकनीकी केन्द्र, खेलकूद मैदान, जोकि शैक्षिक प्रगति के लिए आवश्यक हैं, को उपलब्ध कराना।

10. अस्पतालों के लिए भूमि क्रय करना अथवा पट्टे पर लेकर भवन आदि का निर्माण कराना, अस्पताल का संचालन करना एवं गरीबों का इलाज करना।

क्रमशः 3 पर

SUKHVIR SINGH
PRINCIPAL
J.N.V. KOLARA KALAN
AGRA (U.P.)

द= सीतादेवी

MANAGER
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL
PWD ROAD, FATEHGARH (U.P.)

PRINCIPAL
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

P 790449



11. निर्धन व असहाय व्यक्तियों के लिए मेडीकल परीक्षण शिविरों का आयोजन करना तथा दवाओं का वितरण, भोजन व्यवस्था आदि करना।
12. निर्धन व असहाय व्यक्तियों के लिए निःशुल्क विकलांग शिविर आयोजित कर निःशुल्क ऑपरेशन, दवाईयाँ, भोजन व पानी की व्यवस्था करना।
13. समय–समय पर समाज के उत्थान हेतु मेडीकल गोष्ठियाँ व अन्य गोष्ठियों का आयोजन करना जिससे जनमानस लाभान्वित हो सके। उनका शारीरिक व मानसिक विकास हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करना।
14. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, आसन–व्यायाम, नेचुरोपैथी, एक्यूपंक्चर व शंख बजाना आदि चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना व पोलियो, एड्स आदि के बारे में जनता को गोष्ठियाँ एवं स्वास्थ्य मेले के माध्यम से जागरूक करना तथा दृश्य, श्रव्य, प्रोजेक्टर, व स्लाइडर आदि को चलाकर दिखाना।
15. समाज के सद्गुणों का विकास करने हेतु समय– समय पर कथा, भागवत, प्रवचन व अन्य धार्मिक आयोजन करना व इस प्रकार के साहित्य का प्रकाशन, प्रचार व प्रसार करना जिससे कि समाज में व्याप्त कुरीति, अनैतिकता, दुर्गुण आदि दूर हों एवं समाज में प्रेम, भाईचारा, सच्चरित्रता का विकास हो।
16. पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वृक्षारोपण का आयोजन करना व प्रदूषण की रोकथाम के लिए समय–समय पर गोष्ठियाँ आयोजित करना।

क्रमशः 4 पर

SUKHVIR SINGH
PRINCIPAL
J.N.V. KOLARA KALAN
AGRA (U.P.)

द० सीता देवी

Brijesh Al.

Rajiv Mohan Pandey

MANAGER
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL
PWD ROAD, FATEHGARH (U.P.)

PRINCIPAL
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

P 790450



17. पर्यावरण व भूमि संरक्षण, फल संरक्षण, वायु प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण रोकने हेतु यज्ञ आदि नाना प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करना व .इससे सम्बन्धित नवीनतम ज्ञान प्राप्त करना, जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए कुटीर उद्योग की स्थापना हेतु प्रशिक्षण, इकाई को संचालित करने में सहायता, सर्वांगीण विकास हेतु भारत सरकार , राज्य सरकार से सहायता प्राप्त करना।

18. गरीबों की आर्थिक सहायता, प्याऊ, असहाय की भोजन व आवास की व्यवस्था करना, धर्मशाला, गैस्ट हाउस एवं लोजिंग हाउस आदि का निर्माण कर संचालित करना।

19. गाय बछड़ों के लिए गौशाला का निर्माण करना तथा उनके लिए चारा, दाना–पानी की व्यवस्था करना।

20. संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु जन साधारण व अन्य संस्थानों से दान लेना एवं आय के स्त्रोत बनाना व उन्हें बढ़ाना/ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सम्पत्ति अर्जित करना, किराया, लीज, पर लेना व उनका लाभकारी उपयोग करना।

21. अन्य सभी कार्य करना जिसमें उपरोक्त उद्देश्य समाहित हों।

SUKHVIR SINGH
PRINCIPAL
J.N.V. KOLARA KALAN
AGRA (U.P.)

5. ट्रस्टियों के नाम व पते :

1. श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व0 श्री भगवानदास निवासी गऊघाट, मथुरा।

2. ब्रजेश कुमार पुत्र स्व0 श्री भगवानदास निवासी गऊघाट, मथुरा।

3. मुरारी लाल पुत्र स्व0 श्री भगवानदास निवासी कमला बिहार, गसानी , मथुरा।

4. राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 श्री भगवानदास निवासी गऊघाट, मथुरा।

क्रमशः 5 पर

MANAGER
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL
PWD ROAD, FATEHGARH (U.P.)

PRINCIPAL
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

P 790451

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL



5. गोपालदास पुत्र स्व0 श्री भगवानदास निवासी कमला बिहार, अग्रसेन चौक, मथुरा।

6. गिर्राज किशोर पुत्र स्व0 श्री भगवानदास निवासी गऊघाट, मथुरा।

7. सुशील बंसल पुत्र श्री ब्रजेश कुमार निवासी गऊघाट, मथुरा।

8. श्री श्रीनिवास सिंघल पुत्र श्री रामभरोसी लाल जी–11, स्वर्णजयंती नगर, रामघाट रोड, अलीगढ।

9. श्री रामनिवास पुत्र श्री रामभरोसी लाल निवासी 419, महावीर नगर, टौंक रोड, जयपुर।

SUKHVIR SINGH
PRINCIPAL
J.N.V. KOLARA KALAN
AGRA (U.P.)

6. उपरोक्त ट्रस्टियों में ट्रस्टी संख्या 1 व 2 संस्थापक ट्रस्टी हैं एवं ट्रस्टी संख्या 3 लगायत 9 संस्थापक ट्रस्टी द्वारा मनोनीत स्थायी न्यासी हैं। भविष्य में ट्रस्टी द्वारा अपने पद से त्यागपत्र दे देने, मृत्यु हो जाने, किसी असाध्य रोग से ग्रस्त हो जाने, पागल, दिवालिया, न्यास के हितों के विरूद्ध या न्यास के उद्देश्यों के विरूद्ध कार्य करने पर इस न्यासी को न्यास से पृथक कर दिया जायेगा और उसके स्थान पर नये न्यासी का चयन बहुमत या सर्वसम्मति के आधार पर किया जायेगा।

7. यहकि, ट्रस्ट की प्रत्येक साल एक बैठक अनिवार्य रूप से आहूत की जायेगी। इसके अलावा अध्यक्ष आवश्यकतानुसार ट्रस्ट की बैठक आहूत कर सकेंगे ।

क्रमशः 6 पर

MANAGER
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL
PWD ROAD, FATEHGARH (U.P.)

PRINCIPAL
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH P 790452



8. **ट्रस्ट के कार्यो का संचालन :–**

ट्रस्ट के कार्यो का संचालन ट्रस्ट बोर्ड द्वारा किया जायेगा, जिसमें नो ट्रस्टी होंगे। उनमें से एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक सचिव, एक उप सचिव,एक कोषाध्यक्ष, एवं शेष चार ट्रस्टी होंगे।

ट्रस्ट अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष द्वारा अध्यक्ष के कार्यो को निष्पादित किया जायेगा। इसी प्रकार ट्रस्ट के सचिव की अनुपस्थिति में उप सचिव द्वारा ट्रस्ट के कार्यो का संचालन किया जायेगा।

9. यहकि, ब्रजेश कुमार ट्रस्ट के प्रथम आजीवन अध्यक्ष होंगे एवं श्री मुरारी लाल ट्रस्ट के प्रथम उपाध्यक्ष होंगे एवं श्री राजेन्द्र कुमार ट्रस्ट के प्रथम सचिव नामित किया गया है। गोपालदास को ट्रस्ट का प्रथम उप सचिव व गिर्राज किशोर को ट्रस्ट प्रथम कोषाध्यक्ष नामित किया गया है। प्रत्येक पदाधिकारी का कार्यकाल पाँच साल का होगा। जिस अवधि की समाप्ति से पूर्व होने वाली न्यास की बैठक में नये पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा। जो बहुमत या सर्वसम्मति होने पर पाँच साल की अवधि की समाप्ति पर उस समय के पदाधिकरी यथावत कार्य करते रहेंगे।

10. ट्रस्ट की संख्या ट्रस्टियों व पदाधिकारियों के 2/3 बहुमत से प्रस्ताव पारित कर घटायी व बढ़ायी जा सकेगी और नये ट्रस्टी उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार नामित कर कामय किये जा सकेंगे।

11. **ट्रस्ट के अध्यक्ष के अधिकार एवं कर्तव्य :–**

1.ट्रस्ट की बैठकों की अध्यक्षता करना व आवश्यक निर्णय लेना व निर्देश देना।

2.ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ट्रस्ट के सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों को उचित निर्देश देना।

12. **ट्रस्ट के उपाध्यक्ष के अधिकार एवं कर्तव्य :–**

1. अध्यक्ष की अनुपस्थिति में ट्रस्ट की बैठकों की अध्यक्षता करना।
2. अध्यक्ष द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना एवं निर्देशित कार्य सम्पादित करना।

क्रमशः 7 पर

SUKHVIR SINGH
PRINCIPAL
J.N.V. KOLARA KALAN
AGRA (U.P.)

MANAGER
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL
PWD ROAD, FATEHGARH (U.P.)

PRINCIPAL
THE MILLENNIUM SCHOOL

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

P 790453



13. **ट्रस्ट के सचिव के अधिकार एवं कर्तव्य** :–

1. सचिव ट्रस्ट का मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी होगा और उसी के द्वारा अध्यक्ष की सहमति से ट्रस्ट की बैठक आहूत की जावेगी एवं संचालित की जावेगी। बैठकों में पारित प्रस्ताव आदि को मिनट बुक में लिखा जावेगा।
2. ट्रस्ट की बैठक के निर्णयों का क्रियान्वयन करना।
3. ट्रस्ट की चल–अचल सम्पत्तियों का रिकार्ड रखना व उन्हें सुरक्षित रखना।
4. अन्य पदाधिकारियों के सहयोग से ट्रस्ट के खातों का संचालन करना।
5. अध्यक्ष के निर्देशों का पालन करना।
6. ट्रस्ट की ओर से पत्र–व्यवहार करना एवं ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अन्य आवश्यक कार्य करना।

SUKHVIR SINGH
PRINCIPAL
J.N.V. KOLARA KALAN
AGRA (U.P.)

14. **ट्रस्ट के उप सचिव के अधिकार एवं कर्तव्य** :–

1. सचिव की अनुपस्थिति में ट्रस्ट की बैठकों का संचालन करना एवं सचिव के दायित्वों का निर्वाह करना।
2. सचिव द्वारा निश्चित रूप से सौंपे गये कार्यो का सम्पादन करना।

क्रमशः 8 पर

MANAGER
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL
PWD ROAD, FATEHGARH (U.P.)

PRINCIPAL
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

P 790454



15. **<u>ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष के अधिकार एवं कर्तव्य</u>** :–

1. ट्रस्ट के कोष को सुरक्षित रखना, ट्रस्ट के बैंक खातों का संचालन करना।
2. ट्रस्ट की ओर से कानूनी कार्यवाही करना एवं ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करना
3. ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ट्रस्ट के आय के श्रोत बढ़ाना।

16. **<u>ट्रस्ट के बैंक खातों का संचालन करना</u>** :–

ट्रस्ट के बैंक खातों का संचालन ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व अध्यक्ष तथा सचिव में से किसी दो के संयुक्त हस्ताक्षरों द्वारा किया जायेगा।

17. ट्रस्ट को यह भी अधिकार होगा कि वह ट्रस्ट के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक चल अचल सम्पत्ति दान,उपहार,चंदा आदि से प्राप्त करे व अर्जित करके सम्पत्तियों को किराये/लीज पर ले सके व आय प्राप्त करने हेतु ट्रस्ट की सम्पत्ति किराये लीज आदि पर दे एवं उक्त सम्पत्तियों से आय उत्पन्न करे एवं उक्त आय को ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति में खर्च कर सके।

क्रमशः .........9 पर

MANAGER
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

SUKHVIR SINGH
PRINCIPAL
J.N.V. KOLARA KALAN
AGRA (U.P.)

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL
PWD ROAD, FATEHGARH (U.P.)

PRINCIPAL
THE MILLENNIUM SCHOOL

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

L 358262



18. यहकि, संस्थापक ट्रस्टियों द्वारा ट्रस्ट फण्ड के रूप में रूपये 21000/– ट्रस्ट को अदा किया गया है कि जो ट्रस्ट का फण्ड होगा। ट्रस्ट की भविष्य में उत्पन्न होने वाली आय, दान, किराया, ब्याज आदि से प्राप्त धन भी ट्रस्ट फण्ड कहलायेगा।

19. यहकि, ट्रस्ट की उपरोक्त नियमावली में 2/3 बहुमत से ही संशोधन किया जा सकेगा।

20. यहकि, सभी ट्रस्टियों की सहमति से ट्रस्ट को भंग किया जा सकेगा। ऐसी स्थिति में ट्रस्ट की सम्पत्तियों को ट्रस्टी संख्या 2 लगायत 6 को अथवा उनके उत्तराधिकारियों को समान रूप में वितरित किया जावेगा।

अतः यह ट्रस्ट डीड आज दिनांक 19.07.08 को निष्पादित की गयी।

टाइप किया – विजय कुमार शर्मा मथुरा।

ड्राफ्ट किया– प्रभात कुमार चतुर्वेदी, एडवोकेट मथुरा।

SUKHVIR SINGH
PRINCIPAL
J.N.V. KOLARA KALAN
AGRA (U.P.)

MANAGER
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL
PWD ROAD, FATEHGARH (U.P.)

PRINCIPAL
THE MILLENNIUM SCHOOL

जनरल स्टाम्प

क्र.सं० 1 दिनांक 19-7-2008 कीमत 50/-

नाम श्री सतीश दत्ता पुत्र श्री ... आगरा

लाo संख्या 1 निवासी मथुरा

मोहन लाल शर्मा स्टाम्प वि...

रजिस्ट्री कार्यालय, ...

लाइसेंस नं० 03 ...

कलेक्ट्रेट, मथुरा

सिंगल लॉक सील

11 JUL 2008

आज दिनांक **24/07/2008** को

बही सं **4** जिल्द सं **153**

पृष्ठ सं **52** से **76** पर क्रमांक **241**

रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

मुकेश श्रीवास्तव
उप-निबन्धक
मथुरा-प्रथम
24/7/2008

SUKHVIR SINGH
PRINCIPAL
J.N.V. KOLARA KALAN
AGRA (U.P.)

MANAGER
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA

PRINCIPAL
ROSY PUBLIC SCHOOL
PWD ROAD, FATEHGARH (U.P.)

PRINCIPAL
THE MILLENNIUM SCHOOL
MATHURA